Need to provide additional land for rehabilitation of people, of Navin Sheva Village and Hanuman Kolivada in Maval Parliamentary

Constituency, displaced due to acquisition of

Sheva Village land by JNPT

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे **(**मावल**):** महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र मावल के अंतर्गत जे.एन.पी.टी. के निर्माण के लिए सन् 1985 में शेवा गांव की भूमि अधिग्रहित की गई है और शेवा गांव को दो गांवों में बांटकर नवीन शेवा गांव को 10 हेक्टेयर और हनुमान कोलीवाडा को (शेवा कोलीवाडा) 02 हेक्टेयर भूमि पर ट्रांसिट कैम्प के तौर पर उरण के नजदीक बसाया गया है । जे.एन.पी.टी. के निर्माण के लगभग 33 वर्षों के उपरांत नवीन शेवा गांव के प्रकल्प बाधित नागरिकों को 361 भूखंड 33.64 हेक्टेयर भूमि देकर बसाना है और हनुमान कोलीवाडा (शेवा कोलीवाडा) गांव के प्रकल्प बाधित नागरिकों को 256 भूखंड देकर 17.33 हेक्टेयर भूमि पर बसने का इंतजार है । अत: आपके माध्यम से मैं सरकार से इन दोनों गांव, नवीन शेवा और हनुमान कोलीवाडा (शेवा कोलीवाडा) का पुनर्वसन समझौते के अनुसार अतिशीघ्र भूखंड देने की मांग करता हूँ ।